## आरोपियों की गिरफ्तारी पर इनाम घोषित

**करौली,** (निसं)। करौली जिला पुलिस अधीक्षक ने दो अलग-अलग मामलों के फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर इनाम घोषित किए हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि थाना कोतवाली करौली के एक मुकदमे में आबकारी अधिनियम में वांछित अपराधी भूरा उर्फ महेश सिंह पुत्र बाबूलाल गुर्जर निवासी जगतपुरा थाना कुड़गांव जिसके विरुद्ध मारपीट के 6 प्रकरण दर्ज हैं जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक करौली द्वारा 15 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था जिस राशि को बढ़ाकर अब 20हजार रुपये कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा प्रकरण संख्या 51/2024 आईपीसी थाना सदर बयाना जिला भरतपुर का अनुसंधान वृत्ताधिकारी करौली द्वारा किया जा रहा है। उक्त प्रकरण में वांछित अभियुक्त हेतराम उर्फ हेतन सिंह पुत्र हरि सिंह गुर्जर निवासी मोडानकापूरा तिगरिया थाना नई मंडी हिंडौन सिटी एवं योगेंद्र पुत्र रामचरण गुर्जर निवासी मोडानकापूरा तिगरिया थाना नई मंडी हिंडौन सिटी की गिरफ्तारी हेतु महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज द्वारा 40-40 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

# छप्पर में आग लगने से नगदी, घरेलू सामान व कई मवेशी जले

**मनियां,** (निसं)। धौलपुर जिले के मनियां क्षेत्र के गांव उदई का पुरा में एक छप्परपोश मकान में भयानक आग लग गई। आग से गांव के प्रताप, दिनेश एवं अन्य लोगों का हजारों रुपए सहित पशुधन और अनाज का नुकसान हुआ है। साथ ही 11 भेड़-बकरियां, एक बछड़ा और एक भैंस की आग में झुलसने से मौत हो गई। आग लगने के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल हो गया।

- **11 भेड़-बकरियां, एक बछड़ा और एक भैंस की आग में झुलसने से मौत**
- **ग्रामीणों ने बताया कि आग से पीड़ितों का हजारों का नुकसान हुआ है**

स्थानीय निवासी रिंकू कुशवाह ने बताया कि छप्परपोश मकान में अज्ञात कारणों के चलते भीषण आग लग गई थी। आग की लपटों को देख ग्रामीण इकट्ठा हो गए और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। वहीं आनन-फानन में दमकल गाड़ी को भी सूचना दी, जिसके मौके पर पहुंचने में देर हो गई। फिर ग्रामीणों ने भारी मशक्कत के बाद करीब 2 घंटे में आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सब कुछ जलकर खाक हो गया और छप्परपोश में बंधे पशुओं की जलकर मौत हो गई। आग इतनी भयानक थी कि गांव में अफरा तफरी मच गई। ग्रामीणों ने बताया कि आग लगने से पीड़ितों का हजारों रुपए के माल का नुकसान हुआ है। पीड़ित परिवार जैसे तैसे करके अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा है। अब पीड़ित परिवार पूरी तरह से आहत हो गया है। ग्रामीणों ने पीड़ितों की मदद के लिए प्रशासन से गुहार लगाई है।



**धौलपुर जिले के मनियां क्षेत्र के गांव उदई का पुरा में एक छप्परपोश मकान में भयानक आग लग गई।**

## पूजा-अर्चना में व्यवधान डालने का आरोप

**करौली,** (निसं)। करौली शहर की आदर्श कॉलोनी निवासी लोगों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन पेश कर अपने आराध्य की पूजा अर्चना में व्यवधान डालने वाले लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है।

आदर्श कॉलोनी निवासी रोहित चौधरी पुत्र कन्हैया लाल ने कॉलोनी के कई महिला-पुरूषों के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन पेशकर बताया कि गत 26 जून को दोपहर के समय अपने साथियों के साथ होटल राजपैलेस नधूआ नगर कॉलोनी करौली में अपने अराध्य की प्रार्थांना कर रहे थे तभी हमारे प्रार्थना सभा में विपिन शर्मा, आकाश शर्मा व 5-7 अन्य लोग घुस आये और प्रार्थना स्थल पर तोड़फोड़ की और हमारे अराध्यों की तस्वीरों को उठा कर फेंक दिया जिससे हमारी भावना आहत हुई है।

हमने इनको रोकना चाहा तो उन्होंने भला बुरा कहते हुए धमकी देते हुए कहा कि करौली में रहना है तो हमारे अनुसार ही पूजा पाठ करने होंगे। उन्होंने महिलाओं से भी अभ्रदता करते हुए गाली गलौच की।

लोगों ने ज्ञापन के माध्यम से नामजद लोगों के विरूद्ध मामला दर्ज कर कार्यवाही कि मांग की।

## 11 सैकेंड में चुराई बाइक, घटना कैमरे में कैद

**धौलपुर,** (निसं)। जिले के बाड़ी शहर में बाइक चोरों का आतंक फैला हुआ है। आये-दिन कोई न कोई चोरी की वारदात हो रही है। ताजा मामला शहर के तुलसीवन रोड का है। जहां गली नम्बर एक में घर के बाहर रखी एक नई बाइक को चोर मात्र 11 सेकेंड में चुरा कर ले गए। पूरी घटना आसपास लगे कैमरों के सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई है। ऐसे में पीड़ित बाइक मालिक द्वारा कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी गई। जिसके आधार पर पुलिस अब चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

घटना को लेकर बाड़ी शहर के तुलसीवन रोड गली नंबर एक निवासी पीड़ित फैजान अनवर पुत्र अनवार अहमद खां ने बताया कि उसने अभी कुछ समय पहले ही एक नई बाइक ली थी। बाइक को उसने अपने घर के बाहर रखा हुआ था और खुद घर के अंदर खाना खाने चला गया था। इस दौरान शातिर बाइक चोरों ने उसे चुरा लिया है। पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई है। जिसमें मात्र 11 सेकंड में चोर घर के बाहर रखी बाइक चुरा कर ले गए हैं। संदिग्ध चोरों की संख्या दो बताई गई है। जो बाइक पर बैठकर तुलसीवन रोड की ओर जाते दिखे हैं।

हालांकि पीड़ित फैजान अनवर और उनके परिजनों ने बाइक को काफी तलाश किया है लेकिन उसका कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। घटना को लेकर कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी है। थाने के जांच अधिकारी हरवीर सिंह ने बताया कि बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज हुआ है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है।

## सड़क की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

**हिंडौन सिटी,** (निसं) । करौली विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बझेड़ा के राजस्व गांव बझेड़ा और सिंघान में सड़क बनाने की मांग को लेकर बीजेपी एसटी मोर्चा की मंडल अध्यक्ष शीला मीणा और सोशल मीडिया प्रभारी कुंवर सिंह के नेतृत्व में करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर को ज्ञापन सौंपा गया। ग्रामीणों ने बताया की ग्राम पंचायत बझेड़ा के सिंघान गांव में महादेव मंदिर से अथाई चौक तक करीब 500 मीटर रास्ते को संवेदक ने बीच में अधूरा छोड़ दिया और बझेड़ा गांव में पुजारियों की ढाणी से अटल सेवा केंद्र के बीच करीब 1800 मीटर के रास्ते को संवेदक ने कच्चा छोड़ दिया है जिससे अधूरे सड़क निर्माण से ग्रामीणों को बारिश के दिनों में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और वाहन घरों तक नहीं पहुंच पाते हैं। ज्ञापन सौंपकर विधायक से शीघ्र सड़क बनवाने की मांग की है।



**भरतपुर के केवलादेव नेशनल पार्क में पक्षियों एवं वन्यजीवों के लिए भीषण गर्मी में भी जलाशय तथा वाटर पॉइंट्स में पर्याप्त मात्रा में पानी की व्यवस्था की जा रही है। इसमें वाटर टैंकर, सोलर पम्प इत्यादि के माध्यम से पानी सुविधा मुहिया कराई जा रही है। इसकी वजह से पक्षी एवं वन्यजीव भीषण गर्मी में भी पार्क के अंदर रहना तथा भोजन के लिए रुकना पसंद कर रहे हैं।**

# अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर शोभायात्रा धूमधाम से निकाली

**धौलपुर,** (निसं)। पाल बघेल समाज की ओर से धौलपुर जिला मुख्यालय पर अहिल्याबाई होलकर की 299वीं जयंती को धूमधाम से मनाया गया। अहिल्या बाई होलकर उन चुनिंदा शासकों में से है, जिन्होंने प्रजा के उद्धार के लिए अपना संपूर्ण जीवन न्यौछावर कर दिया। अहिल्याबाई होलकर ने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर भी पूरे भारत के प्रसिद्ध तीर्थों और विभिन्न स्थानों में मंदिर, घाट, कुओं, बावड़ियों का निर्माण करवाया।

अहिल्याबाई होलकर के जन्म जयंती के उपलक्ष्य में एक विशाल बाइक रैली एवं शोभायात्रा महात्मानंद की बगीची धौलपुर से प्रारंभ की गई एवं शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकाली गई। शहर वासियों ने जगह जगह फूलमालाओं से शोभायात्रा का स्वागत सम्मान किया। पाल बघेल समाज धौलपुर के जिला अध्यक्ष सुरेश चंद्र बघेल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अहिल्याबाई होलकर की शोभायात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गई। जिसमें सभी जिलेवासियों ने शोभायात्रा का स्वागत सम्मान किया।



**धौलपुर में बाइक रैली व शोभायात्रा निकाली।**

## तम्बाकू के दुष्प्रभावों की जानकारी दी

**भरतपुर,** (निसं)। अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर की अध्यक्षता में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन ए.डी.आर. सेन्टर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर पर आयोजित किया गया।

शिविर में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर अनुतोष गुप्ता द्वारा उपस्थित अधिवक्तागण, मध्यस्थ एवं पैरा लीगल वॉलिंटियर्स को विश्व तम्बाकू विरोधी दिवस पर धूम्रपान एवं तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई एवं उससे होने वाली हानिकारक बीमारियों की जानकारी प्रदान की गई।

# बिजली और पानी की समस्या से परेशान लोगों का प्रदर्शन

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। बजानिया का पुरा और बड़े गांव का पुरा में बिजली और पेयजल की समस्या है। जिससे नाराज लोगों ने गुरुवार को एसडीएम कार्यालय में प्रदर्शन किया और एसडीएम हेमराज गुर्जर को ज्ञापन देकर समस्या से अवगत कराया।

इस दौरान दोनों क्षेत्र से शिकायत लेकर पहुंचे ग्रामीणों में राहुल और राकेश ने बताया कि भीषण गर्मी में दोनों ढाणियों में पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। क्षेत्र के लोगों के लिए पानी की सप्लाई नहीं की जा रही है। इसी तरह यहां के कई लोगों ने बिजली कनेक्शन के लिए बिजली विभाग में फाइल जमा कराने के बाद भी बिजली कनेक्शन नहीं देने की शिकायत की। इन गम्भीर समस्याओं को लेकर एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है। एसडीएम ने ग्रामीणों की पेयजल समस्या को लेकर अधिशासी अभियंता किरोड़ी लाल मीणा को उक्त क्षेत्र में पानी की टैंकर से पेयजलापूर्ति कराने के निर्देश दिए है।

- **लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर समस्या से अवगत कराया**
- **एसडीएम ने पानी की टैंकर से आपूर्ति करने के निर्देश दिए**

ज्ञापन देने वालों में मनोनीत पार्षद पप्पू लाल, मोहन देवी, प्रेम देवी, राजमल, कुबेर सिंह, राहुल, राकेश, रवि, सचिन, दौलत, पवन, सौरभ, विष्णु, अमित मौजूद रहे।

# तम्बाकू से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में लोगों को जागरूक किया

**करौली,** (निसं)। करौली जिला मुख्यालय स्थित विद्यालय व सरकारी अस्पताल सहित कई अन्य स्थानों पर विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

हिंदुस्तान स्काउट गाइड्स राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय करौली के तत्वावधान में रा.बा.उ.मा.वि. बजीरपुर गेट करौली में शुक्रवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। स्काउट संगठन प्रशिक्षण आयुक्त गंगाराम प्रजापत एवं सचिव मनीष शर्मा ने बताया कि मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र शर्मा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी करौली ने सर्व प्रथम मदनमोहनजी के चित्रपटल पर माल्यार्पण कर द्वीप प्रज्ज्वलित किया। इस मौके पर बालिकाओं ने तम्बाकू निषेध पर व्याख्यान एवं नृत्य की प्रस्तुति दी मुख्य अतिथि ने तम्बाकू निषेध पर एक पोस्टर का विमोचन किया गया। उपस्थित समस्त कर्मचारी, स्काउट गाइड्स एवं अभिरुचि शिविर प्रशिक्षणार्थियों को तम्बाकू उत्पादों के उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाई।

करौली सामान्य चिकित्सालय में मनाये गये तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर पीएमओ डॉ. रामकेश मीना ने तंबाकू के उत्पादों के सेवन से होने वाली लाखों मौतों की तरफ ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि नशा नाश का द्वार है, साथ ही युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाकर आमजन से जन-जागरूकता के लिए प्रयास करने के लिए अपील की। नशा मुक्ति प्रभारी डॉ प्रेमराज मीना ने बताया कि स्कूलों और कॉलेजों में तंबाकू विरोधी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए ताकि बच्चे तंबाकू के खतरों को समझ सकें। माता-पिता और समाज के लोग बच्चों को तंबाकू से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वरिष्ठ फिजिशियन डॉ.लखन लाल मीना ने तंबाकू उत्पादों के सेवन से वयस्कों एवं बुजुर्गों में होने वाले रोगों के बारे में बताया। साइकेट्रिक नर्स गौरव गोयल ने तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत अस्पताल परिसर में सेवन करने वाले लोगों पर कोटपा के तहत की जा रही चालान एवं जुर्माने की कार्यवाही की जानकारी दी।

कार्यक्रम में डॉ महेंद्र मीना, डॉ यादराम मीना, डॉ अनीता, कार्यवाहक नर्सिंग अधीक्षक राजेश मीना, नर्सिंग अधिकारी समय सिंह, मधुशुदन चरौरा, पैरामेडिकल स्टाफ, सुरक्षा गार्ड एवं परिजनों आदि ने भाग लिया। जिला अस्पताल करौली में डॉ ओमप्रकाश मीना, एनसीडी काउंसलर जगदीश, आरकेएस के काउंसलर जयसिंह ने आमजन,मरीजों के परिजनों आदि को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इसके अलावा गुलाब बाग करौली स्थित माधव विद्यामंदिर इंग्लिश स्कूल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर भारत स्काउट गाइड सर्वेश कुमार गुप्ता मुख्य अतिथि रहे जबकि नगेंद्र प्रसाद शर्मा उप प्रधान विशिष्ट अतिथि रहे,अध्यक्षता मुख्य वक्ता, इतिहासकार और लेखक वेणु गोपाल शर्मा ने की ।

- **विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर कई कार्यक्रम हुए**

सचिव स्थानीय संघ मुकेश सारस्वत ने बताया कि मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने सभी बच्चों को एवं उपस्थित जनों को तंबाकू का सेवन नहीं करने एवं लोगों को इससे बचाव हेतु प्रेरित करने की शपथ दिलाई। इससे पूर्व सूर्योदय पब्लिक स्कूल विवेक विहार करौली में आयोजित ग्रीष्मकालीन अभिरुचि एवं कुशल विकास शिविर के बच्चों ने विश्व तंबाकू दिवस पर तंबाकू निषेध रैली का आयोजन किया ।बच्चे विभिन्न स्लोगन नारों के द्वारा लोगों को जागरुक करते हुए चल रहे थे। कार्यक्रम स्थल पर विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता निबंध लेखन एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया सभी बच्चों ने पर चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जिसमें देश भक्ति और तंबाकू का उपयोग नहीं करने वाले गीतों पर बच्चों ने सुंदर प्रस्तुतियां प्रस्तुत की।




**करौली अस्पताल में चिकित्साकर्मियों ने तम्बाकू से होने वाले दुष्परिणामों की लोगों को जानकारी दी।**

## क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**करौली,** (निसं)। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देश अनुसार जिला क्रिकेट संघ करौली द्वारा 19 से 31 मई तक ग्रीष्मकालीन निशुल्क क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुक्रवार को समापन हुआ।

जिला क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को खेड़ा स्थित सौरभ एजुकेशन कैंपस में जिला क्रिकेट संघ द्वारा लगाए गए ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सौरभ कॉलेज के ज्वाला प्रसाद थे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश पाठक द्वारा की गई। इस मौके पर जिला क्रिकेट संघ के सचिव एवं राजस्थान कीड़ा परिषद के पूर्व अध्यक्ष शिवचरण माली मौजूद थे।

इस अवसर पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश पाठक ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में 60 खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन हुआ था जिसमें 30 खिलाड़ी प्रतिदिन प्रात व सायकाल प्रशिक्षण में भाग लेते थे। इस दौरान उनका कोच द्वारा उनको क्रिकेट की बारीकियों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर जिला क्रिकेट संघ के सचिव शिवचरण माली ने कहा कि बच्चों को खेल के साथ-साथ पढ़ाई पर भी ध्यान देना जरूरी है और सभी बच्चों का परिचय प्राप्त किया। सचिव शिवचरण माली ने कहा कि आने वाले समय में जिला क्रिकेट संघ करौली क्रिकेट खिलाड़ियों को और अधिक सुविधा प्रदान करेगा।

## सार-समाचार

### 287 गुमशुदा मोबाइल बरामद किए



**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर पुलिस द्वारा "आपका मोबाइल आपके हाथ" विशेष अभियान में कुल 287 गुमशुदा मोबाइल बरामद किए हैं। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 60 लाख रूपये के करीब है। जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन में गुमशुदा, छीने हुये मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए चलाये गये विशेष अभियान "भरतपुर पुलिस आपके साथ, आपका मोबाइल आपके हाथ" के तहत जिला स्तर पर स्थापित साइबर सैल द्वारा कार्यवाही करते हुए भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा सीडॉट के साथ मिलकर चलाये गये एवं 17 मई 2023 से संचालित सैन्ट्रल इक्यूपमेंट आईडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल पर दर्ज कुल 696 षिकयतों पर कार्यवाही करते हुये कुल 287 गुमशुदा मोबाईल फोन को बरामद किया गया है। भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा सीडॉट के साथ मिलकर आम नागरिकों हेतु अपने खोए हुए मोबाईल फोन को ढूंढने एवं उसे ब्लॉक अनब्लॉक करने हेतु सैन्ट्रल इक्यूपमेंट आईडेंटिटी रजिस्टर पोर्टल बनाया है जो 17 मर्अ 2023 से अस्तित्व में है। कोई भी व्यक्ति वेबसाईट पर जाकर अपने खोए हुए या चोरी हुए मोबाईल को ढूंढने और उसे ब्लॉक अनब्लॉक कर सकता है। अभियान के दौरान अब तक 287 गुमषुदा मोबाईल फोन बरामद किये जा चुके हैं।

### मेधावी छात्राओं का सम्मान किया



**सूरौठ,** (निसं)। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के प्रधानाचार्य एमडी भावना एवं शारीरिक शिक्षक भूपाल सिंह मीना, रविकांत शर्मा, रवि वर्मा, संजीव जांगिड़, वीरेंद्र पाराशर हुकम सिंह ने बताया कि 10 वीं बोर्ड परीक्षा में संस्था के विद्यार्थियों का परिणाम 98.50 प्रतिशत रहा है,जिसमें रेखा सैनी पुत्री बृजमोहन सैनी 90.67 प्रतिशत के साथ प्रथम, रेणु बंजारा पुत्री अजब सिंह 85.33 प्रतिशत के साथ द्वितिय स्थान पर रही, स्नेहा सोनी पुत्री मनोज सोनी 84.50 प्रतिशत अंक के साथ विहालय में तृतीय स्थान पर रही जिस पर विद्यालय परिवार द्वारा शुक्रवार को तीनों छात्राओं का माला व साफा पहनाकर जोरदार तरीके से भव्य स्वागत सम्मान किया व विद्यालय के कुल 67 छात्राओं में से 35 प्रथम श्रेणी से पास हुयें व 26 द्वितिय श्रेणी से पास के साथ 5 छात्राएं तृतीय श्रेणी से पास हुयें विहालय का परीक्षा परिणाम 98.50 प्रतिशत रहा है, सभी मेधावी छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय रचना सिंघल, सुनील कुमार, राजवीर जाटव, रेखा गुप्ता, हेमप्रभा शर्मा, सुमन लता मीना,मोनिका गुप्ता,अवलेखा बाई मीना,पूरन चंद, एवं समस्त स्टाफ कर्मियों को दिया स्टाफ कर्मियों ने तीनों छात्राओं के श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त करने पर अध्यापिका द्वारा मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर कि व उनके उज्जवल भविष्य कि कामना।

### नगरपरिषद पार्षदों ने परिंडे लगाये



**करौली,** (निसं)। नगरपरिषद कार्यालय के पास स्थित सिटी पार्क में भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए पार्षदों द्वारा परिंडे लगाए गए एवं उनमें पानी डाला गया साथ ही वहां उपस्थित लोगों से अपील कि गई की पानी खाली होते ही पार्क में स्थित बोरबेल के माध्यम से पानी भर दिया जावे। इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि सुमित गर्ग, पार्षद आकाश कुशवाह, नरेश माली उपस्थित रहे।

### पानी की समस्या से ग्रामीण परेशान

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। क्षेत्र के अधिकांश गांवों में भीषण गर्मी के साथ बिजली कटौती व पेयजल को लेकर गम्भीर समस्या बरकरार है। इस मामले में ग्राम पंचायत पालनपुर के कोटरा ढहर गांव में जलजीवन मिशन के तहत निर्मित पानी की टंकी का निर्माण होने के दो साल बाद भी ग्रामीण पीने के पानी को लेकर परेशान है। वहीं गांव की महिलाओं को सुबह से लेकर शाम तक पानी के लिए 2-3 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ रहा है। इस समस्या से परेशान ग्रामीणों ने शुक्रवार को नवनिर्मित टंकी के नीचे एकत्र होकर प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीण महिला सविता मीणा ने बताया गांव में लंबे समय से पानी की समस्या चली आ रही है। जिसे लेकर जलदाय विभाग अधिकारियों को कई बार अवगत कराया । लेकिन किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो सकी। इस मामले में प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने पेयजल समस्या को लेकर एक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन पत्र करौली कलेक्टर को भेजकर शीघ्र समाधान करने की मांग की है। ग्रामीण राजीव और सविता मीणा ने बताया की इस भीषण गर्मी में दो-तीन किलोमीटर दूर से ग्रामीण पानी लाने को मजबूर है।

### छात्रा का स्वागत सम्मान किया

**सूरौठ,** (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जटवाड़ा कक्षा 12 वीं बोर्ड परीक्षा 2024 के परिणाम में बेहतर रिजल्ट देने के लिए सरकारी विद्यालय जटवाड़ा के प्रधानाचार्य राधेश्याम सरसैनिया,अध्यापिका जूली रावत,व वरिष्ठ अध्यापक हितेन्द्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था के विद्यार्थियों का परिणाम 12 वीं में 93.54 प्रतिशत व 10 वीं में 95.23 प्रतिशत रहा है,जिसमें 12 वीं में माधुरी डांगुर 86.20 प्रतिशत अंक के साथ विहालय में प्रथम स्थान पर रही,10 वीं में ऋतु कुमारी प्रथम रही जिस पर विद्यालय परिवार द्वारा शुक्रवार को दोनों छात्राओं का माला व साफा पहनाकर जोरदार तरीके से भव्य स्वागत सम्मान किया विहालय का परीक्षा परिणाम 93.54 व 95.23 प्रतिशत रहा है, सभी मेधावी छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय संस्था प्रधान राधेश्याम सरसैनिया,अध्यापक हेमन्त भागौड, दुलीचंद गुर्जर, विक्रम सिंह डांगुर हितेन्द्र शर्मा गोविंद सिंह मीना जूली रावत,एवं समस्त स्टाफ कर्मियों को दिया।

### मानसून पूर्व तैयारियां संबंधी बैठक आज

**करौली,** (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चौधरी ने बताया कि मानसून सत्र जून-सितम्बर में बाढ़ बचाव की पूर्व तैयारियों हेतु जिला स्तर पर सभी विभागों के अधिकारियों को मानसून पूर्व बचाव हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने के संबंध में बैठक जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना की अध्यक्षता में शनिवार को दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी।

### न्यायालय भवन का भूमि पूजन कल

**करौली,** (निसं)। जिला एवं सेशन न्यायाधीश करौली ने बताया कि संरक्षक न्यायाधिपति राजस्थान उच्च न्यायालय नवीन न्यायालय परिसर करौली के निर्माण हेतु 2 जून रविवार को प्रात: 9 बजे भूमि पूजन कार्यक्रम में भाग लेंगे।

## बाइक सहित चोर गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। जिला मुख्यालय पर उदेई मोड थाना पुलिस ने शुक्रवार को बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से चोरी की बाइक जब्त की है।

आरोपी ने 2 दिन पहले चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। उदेई मोड थानाधिकारी नरेश पोसवाल ने बताया कि 28 मई को हिम्मत सिंह पुत्र हुकम सिंह गुर्जर निवासी मानपुर थाना सदर गंगापुर सिटी ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उसने बाइक वर्धमान अस्पताल के सामने बायपास गंगापुर सिटी पर लॉक लगाकर खडी की थी और करीब 1० मिनट बाद जब वह बाहर आया तो वहां से बाइक गायब मिली। बाइक को चोर चुराकर ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इस दौरान मुखबिर से नादौती सर्किल गंगापुर सिटी के पास एक व्यक्ति के द्वारा बाइक बेचने की सूचना मिली थी। सूचना पर थाने के सहायक उपनिरीक्षक राजरोषी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और युवक को पकडकर पूछताछ की। साथ ही बाइक को चेक किया तो बाइक 2 दिन पहले चोरी की निकली। इस पर पुलिस ने बाइक को जब्त कर लिया, साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर थाने ले आई। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी धीरसिंह निवासी गांव घाटोली पुलिस थाना नादौती है।

पुलिस की इस कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक राजरोषी, कॉन्स्टेबल सुमेरसिंह, संदीपसिंह और बनवारीलाल शामिल रहे।

# नगर परिषद ने सब्जी मण्डी के दुकानदारों को किराया जमा कराने का नोटिस थमाया

**गंगापुर सिटी।** शुक्रवार को नगरपरिषद आयुक्त रिंकल शर्मा ने सब्जी मण्डी में स्थित नगर परिषद की दुकानों पर बकाए किराए की राशि को जमा कराने का नोटिस दिया है। उल्लेखनीय है कि सब्जी मंडी में नगर परिषद के 8 दुकानों पर करीब 45 लाख रुपए से अधिक की राशि किराए के बाकी हैं। बार-बार नोटिस देने के बाद किराया नहीं चुकाने के बाद नगर परिषद आयुक्त ने सब्जी मंडी में अधिकारियों के साथ पहुंचकर

**■ 8 दुकानदारों पर नगर परिषद के 45 लाख रूपए से अधिक की राशि बकाया**



नगरपरिषद आयुक्त रिंकल शर्मा ने सब्जी मण्डी में स्थित नगर परिषद की दुकानों पर बकाए किराए की राशि को जमा कराने का नोटिस दिया है।

दुकानदारों से समझाइश की। साथ ही आखिरी नोटिस देकर 3 दिन में किराया चुकाने के लिए कहा। किराया नहीं देने पर दुकानों को नगर परिषद की ओर से सीज करने की कार्रवाई का अल्टीमेटम दिया। नगर परिषद आयुक्त रिंकल गुप्ता गुरुवार शाम को सब्जी मंडी पहुंचे। इस दौरान आयुक्त गुप्ता ने नगर परिषद की 8 दुकानों के किराएदारों को नोटिस थमाते हुए नगर परिषद का बकाया किराया जमा कराने के लिए कहा। आयुक्त ने बताया कि नगर परिषद की उक्त 8 दुकानों पर पिछले करीब 8 सालों से करीब 45 लाख रुपए की राशि बकाया चल रही है। नगर परिषद द्वारा कई बार नोटिस दिए गए। अभी हाल ही में 15 दिन पहले भी इन्हें नोटिस दिया गया, लेकिन किराया नहीं चुकाया गया। उन्होंने बताया कि नगर परिषद की वित्तीय स्थिति पहले ही खराब है। सरकार से नगर परिषद को कोई ग्रांट भी नहीं मिल रही है। नगर परिषद के पास कोई बजट भी नहीं आ रहा। नगर परिषद एक स्वायत्त संस्था है। ऐसे में नगर परिषद में वित्तीय स्थिति गडबडा गई है। आयुक्त ने बताया कि इस बार 8 दुकानों के किराएदारों को 3 दिन का अल्टीमेटम दिया गया है।

अब यदि 3 दिन में दुकानदारों द्वारा किराया जमा नहीं कराया गया तो फिर दुकानों को सीज करने की कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद दुकानों पर नोटिस चस्पा किया गया। उन्होंने बताया कि नगर परिषद की स्थिति को पटरी पर लाने के लिए मैरिज होम में भी फायर एनओसी के लिए नोटिस दिए हैं, ताकि फायर एनओसी से आय के साथ मैरिज होमों में सुरक्षा के पूरे इंतजाम हो सकें। इस दौरान आयुक्त के साथ एटीपी धीरज कुमार, एसआई पिंटूराम और मुकेश, राहुल कौशल, लालाराम सहित नगर परिषद के कई कर्मचारी भी साथ थे।

## विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया

**भुसावर** (निस)। कृषि महाविद्यालय भुसावर पर 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि तम्बाकू का प्रयोग विष्व स्तर पर मृत्यु की सबसे बड़ा कारण है 10 में से एक व्यस्क की मृत्यु के लिए तम्बाकू जिम्मेदार है।

विश्वभर में 1.2 मिलियन मौत तम्बाकू का सेवन नहीं करने वाले दूसरों के सिगरेट, बीड़ी के धूऐं के फेफड़ों में जाने से होती है। 2022 के ऑकड़ों के अनुसार दुनिया भर में 13-15 वर्ष की आयु के 37 मिलियन युवा किसी नकिसी रूप में तम्बाकू का सेवन करते है। तम्बाकू उद्योग से जुडे लोग जानबूझकर युवाओं को तम्बाकू की लत लगाते है ताकि उनका उद्योग पनपता रहे। अतः युवाओं को तम्बाकू से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक करना जरूरी है। डॉ. राहुल कुमार ने कहा कि युवाओं के बीच इलेक्ट्रोनिक सिगरेट व निकोटीन पाउच लोकप्रिय हो रहे है। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 2024 की थीम "बच्चों को तम्बाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना" रखा है। तम्बाकू सेवन से श्वसन सम्बन्धित बीमारियां जैसे अस्थमा, फेफड़ों मे कैंसर आदि हो सकती हैं। अतः जनजागरूकता के माध्यम से आमजन व युवाओं को तम्बाकू से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान के प्रति सचेत करने की आवष्यकता है। इस अवसर पर डॉ. आशीष शीरा, डॉ राजुराम चौधरी, डॉ. विनोद भटेष्वर सहित समस्त स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### अहिल्या बाई होल्कर की 299 वीं जयंती मनाई




**भरतपुर ( निस )।** पुण्य ष्लोका देवी अहिल्या बाई होल्कर की 299वीं जयंती जिलाध्यक्ष राधेष्याम बघेल नौगाया की अध्यक्षता में मनाई गई। जिसके मुख्य अतिथि गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम रहे। जिन्होंने भव्य षोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर सब्जी मण्डी कुम्हेर गेट से रवाना किया। जिला संगठन मंत्री टीकम सिंह बघेल ने बताया कि षोभायात्रा में झाकियां, बैण्ड बाजे गाजे के साथ बडे ही हर्शोल्लास के साथ सब्जी मण्डी से मुख्य बाजार होते हुए बिजली घर चौराहे बघेल बगीची पर पूर्ण हुई। षोभायात्रा का जगह जगह पुश्प वर्शा कर सामाजिक संगठनों द्वारा स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष राधेष्याम बघेल ने सरदारी को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिन लोगों ने षोभायात्रा में दिन रात एक कर लोगों से गांव गांव तक सम्पर्क किया। जिसकी बदौलत षोभायात्रा में हजारों की संख्या में तादाद में बुजुर्ग, महिलाएँ, युवा षामिल हुए। उन लोगों को बारम्बार धन्यवाद देता हूँ। सभी तहसीलों से पधारे अध्यक्ष एवं जनता का अभिनन्दन किया। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष जय सिंह कामां, जसराम पहलवान नदवई, बनवारी लाल, भगवान सिंह सरपंच, रवि सरपंच, रामकिषन अजान, कमल सिंह, देवी सिंह गामडी, सूरजसिंह सूरजपोल, रमेष, बलराम, रवि कामां, नटवर सिंह नौगाया, ओमप्रकाष, भगतजी कुम्हेर, जीतू, विश्णु ब्रजवासी, मान सिंह बरसो, बाबूलाल लुधावई आदि के अलावा काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### मेधावियों का सम्मान किया



**भरतपुर ( निस )।** पीएम श्री राजकीय उमावि महाराजसर में एसडीएमसी एवं एसएमसी सदस्यों की उपस्थिति में सत्र 2023-24 बोर्ड कक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं का मूमेन्टो, दुपट्टा एवं गिफ्ट देकर सम्मान किया गया। जिसमें कक्षा 12वीं विज्ञान में ललित कुमार 86.80 प्रतिशत, 12वीं कला में वर्षा सैनी 88.60 प्रतिशत, कक्षा 10 में वैष्णवी मीना 90.17 प्रतिशत तथा 8वीं में गोलू एवं खुशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य हेमचंद गोयल द्वारा समाज सेवा शिविर पर प्रकाश डाला एवं उत्तीर्ण होने वाले समस्त विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं एवं समस्त स्टाफ को बधाई दी। गिरधारी लाल व्याख्याता जीव विज्ञान द्वारा बोर्ड कक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को 2100 रूपये एवं स्थानीय पूर्व सरपंच कन्हैयालाल मीणा द्वारा बोर्ड कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र छात्राओं को 500-500 रूपये देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राजपाल मीणा एसएमसी अध्यक्ष, नन्दराम मीणा, किशन मीणा, मदन मोहन, यादराम मीणा, अतर सिंह मीना, संजय सिंह चौधरी, भगवान सिंह सैनी, नेत्रपाल सिंह, राकेश कुमार जैन, दिलीप कुमार, सरिता शर्मा, राजेश सिंह, राजेन्द्र सिंह, कुलदीप एवं पुष्पेन्द्र तिवारी मौजूद रहते। संचालनकर्ता हरीश चंद सिंह चौधरी द्वारा समस्त आगुन्तकों का आभार व्यक्त किया गया।

### हेमराज महाराज का सम्मान किया

**भरतपुर** (निस)। श्यारौली भैरव धाम गंगापुर के महंत हेमराज महाराज के भरतपुर आगमन पर विप्र फाउन्डेशन के प्रदेश अध्यक्ष इन्दूशेखर शर्मा द्वारा भगवान परशुराम का प्रतीक चिंह देकर स्वागत सम्मान किया गया। भरतपुर में संजय नगर में भव्य श्रीमद् भागवत कथा का रमनलाल इन्दौलिया के द्वारा आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर महंत हेमराज महाराज का सैकडों लोगों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। उन्होंने अपने श्रीमुख वाणी से भक्तों को संदेष दिया कि हमें गौ सेवा करनी चाहिए। हर व्यक्ति को अपने घर में एक-एक गाय माता पालनी चाहियें इससे विभिन्न संकटों का समाधान होता है व अनेकों पीडाओं से छुटकारा मिलता है। इस अवसर पर विप्र फाउन्डेषन, ब्रज भूमि कल्याण परिषद के पदाधिकारीगण मौजूद रहे। जिनमें धर्मेन्द्र शर्मा परशुराम नगला, रघुराज भरतपुर आदि मौजूद रहे।

### रोगियों को मिली राहत

**करौली, ( निसं )।** सामान्य चिकित्सालय के डायलिसिस वार्ड में उपकरण खराब गर्मी में रोगियों को हो रही परेशानी शीर्षक से समाचार प्रकाशित हुआ जिसे लेकर स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और डायलिसिस वार्ड के खराब उपकरण सही होने के बाद रोगियों को राहत दिलाई। वार्ड में खराब पड़े एसी, पंखा, कूलरो को सही कराकर डायलिसिस रोगियों को राहत पहुंचाई।

# मारपीट के विरोध में विधायक का थाने में धरना शुरु

**भरतपुर** । बयाना कोतवाली थाने में शुक्रवार दोपहर को बयाना विधायक डॉ. ऋतु बनावत, अपने ड्राइवर के साथ थाने में मारपीट की घटना के विरोध में समर्थकों के साथ थाने में धरने पर बैठ गईं। विधायक ने मारपीट करने वाले दोषी पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने की मांग रखी। विधायक डॉ. ऋतु बनावत ने बताया कि उनकी गाड़ी का पर्सनल ड्राइवर धर्मवीर अपनी पत्नी के साथ कोतवाली थाने पर करेक्टर वेरीफिकेशन के लिए आया था।

इस दौरान ड्यूटी पर मौजूद हेड कांस्टेबल राजेंद्र कुमार ने वेरिफिकेशन करने के लिए रिश्वत के तौर पर 200 रुपए मांगे। ड्राइवर के रुपए नहीं देने पर हेड कांस्टेबल और मौके पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों ने ड्राइवर को चांटे मारे और धक्का देकर थाने से बाहर निकाल दिया। इसके बाद ड्राइवर ने विधायक को फोन कर घटना से अवगत करा दिया। ड्राइवर की सूचना पर विधायक बनावत और उनके पति भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ऋषि बंसल थाने पहुंचे और समर्थकों के साथ थाने पर धरना शुरू कर दिया। सूचना पर एडिशनल एसपी बृजेंद्र सिंह भाटी, सीओ अमर सिंह मीणा, एसएचओ बाबूलाल गुर्जर ने विधायक से समझाइश की। करीब एक घंटे तक चले धरने के बाद एडिशनल एसपी बृजेन्द्र सिंह भाटी ने हेड कांस्टेबल राजेंद्र कुमार को लाइन हाजिर करने के आदेश जारी किए। इसके साथ ही घटना की जांच को अमर सिंह मीणा को सौंपी है। इसके बाद जाकर मामला शांत हो पाया। एडिशनल एसपी बृजेन्द्र सिंह भाटी ने बताया कि विधायक के ड्राइवर ने अपने जेब में मोबाइल इस तरह रखा हुआ था कि इससे ऐसा लग रहा था कि वह वीडियो बना रहा है। इससे थोड़ी गफलत पैदा हो गई थी।

## ब्रेड-पाव खराब मिली, नष्ट कराया

**गंगापुर सिटी** 31 मई। जिला कलेक्टर गौरव सैनी के निर्देश पर शुक्रवार को गंगापुर सिटी में स्टेशन रोड स्थित यूनिटी प्लाजा के आगमन होटल का निरीक्षण खाद सुरक्षा अधिकारियों ने किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को एक्सपायरी डेट की गार्लिक ब्रेड और पाव के पैकेट्स मिले। जिन्हें मौके पर ही नष्ट करवाया गया।

खाद सुरक्षा अधिकारी वेद प्रकाश पूर्विया और वीरेंद्र कुमार ने शुक्रवार को गंगापुर सिटी में स्टेशन रोड स्थित यूनिटी प्लाजा के आगमन होटल का निरीक्षण किया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि निरीक्षण के दौरान एक्सपायरी डेट गार्लिक ब्रेड और पाव के पैकेट्स मिले। जिन्हें मौके पर ही नष्ट करवाया गया। साथ ही साफ-सफाई के निर्देश दिए गए। टीम ने काम में लिए जा रहे तेल और पनीर के नमूने लेकर जांच के लिए फूड लैब भिजवाए। निरीक्षण में फूड हेंडलर्स के मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं मिला।

# अग्नि पीड़ित को राहत सामग्री दी

**भरतपुर** (निस)। समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने नदबई उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत लुहासा के गांव बरवारा के अग्नि पीड़ित परिवार को तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराई। जिसका वितरण शुक्रवार को पूर्व सरपचं रामअवतार सिंह के द्वारा कराया गया। समृद्ध भारत अभियान के प्रदेश प्रभारी पुनीत गुप्ता ने बताया कि नदबई उपखण्ड क्षेत्र के गांव बरवारा निवासी उदय सिंह जाटव पुत्र रामस्वरूप जाटव के कच्चे घर में आगजनी हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर निदेशक सीताराम गुप्ता ने पीडित परिवार को तत्काल राहत सामग्री स्वीकृत की। पीडित परिवार को राहत सामग्री में वर्तन, बिस्तर, त्रिपाल दिए गए। पूर्व सरपचं रामअवतार सिंह ने कहा कि निस्वार्थ भाव से पीडित परिवार की संकट की घडी में मदद करना सबसे बडा पुण्य है। निदेशक गुप्ता ने पीडित उदय सिंह जाटव की संकट की घडी में राहत सामग्री उपलब्ध करा कर नेक कार्य किया। जिसकी पीडित परिवार एवं गांव के ग्रामीण सराहना कर रहे है। इस अवसर पर समृद्व भारत अभियान के नरेन्द्र कुमार गुप्ता, सुरेचन्द आदि मौजूद रहे।



नदबई उपखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत लुहासा के गांव बरवारा के अग्नि पीड़ित परिवार को तत्काल राहत सामग्री उपलब्ध कराई।

# स्कूल शिक्षा परिवार का संभाग स्तरीय अधिवेशन कल

**गंगापुर सिटी** 31 मई। स्कूल शिक्षा परिवार गंगापुर सिटी जिला व तहसील पदाधिकारियो की बैठक जिला अध्यक्ष डा०अनुज शर्मा की अध्यक्षता में भगवती पैलेस में हुई। बैठक में 2 जून रविवार को गंगापुर सिटी में आयोजित होने वाले संभागीय अधिवेशन की तैयारियो पर चर्चा की गई। अधिवेशन पर्ल होटल बाईपास पर रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मदन दिलावर शिक्षा मंत्री राज सरकार होगें एवं मुख्यवक्ता प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, प्रदेश महामंत्री श्रवण बोहरा, प्रदेश उपाध्यक्ष आचार्य लोकेंद्र सहित प्रदेश कार्यकारिणी, संभाग अध्यक्ष उदयभान शर्मा एवं फल्जुअर रहमान प्रदेश आर. टी. ई प्रभारी सवाई माधोपुर सहित सभी जिलो के जिलाध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्य मोजूद रहेगें। कार्यक्रम में देवीलाल मीणा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जिला गंगापुर सिटी, नाथू लाल खटीक मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सवाई माधोपुर, गोविंद दीक्षित मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक सवाई माधोपुर मुख्य आतिथी के रूप में सम्मेलन में शामिल होगें। जिला महामंत्री विष्णु कुमार गुप्ता अधिवेशन सुबह 8 बजे से होटल द पर्ल वायपास में शुरू जिसमें निजी विद्यालय से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की जावेगी। अधिवेशन में आर. टी. ई.प्रवेश एवं भुगतान संबंधी समस्याएं, पांचवीं बोर्ड की मार्कशीट एवं परीक्षा शुल्क से संबंधित समस्या, निजी विद्यालयों एवं राजकीय विद्यालय को दी जाने वाली सुविधाओं में पक्षपात, निजी विद्यालयों का शैक्षणिक कैलेंडर तैयार कर उसे राज्य सरकार से प्रमाणित करवाना, राज्य सरकार के द्वारा घोषित कक्षा 9 से 12 तक के बच्चों को निशुल्क शिक्षा एवं भुगतान की समस्या को सॉल्व करना सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा की जायेगी। जिला प्रवक्ता नीटू सिंह ने बताया कि सुबह 8 से 9 बजे स्वल्पाहार, 9 से 1० तक अतिथि सत्कार, प्रातः 1० से 11 बजे तक शिक्षा मंत्री जी का आगमन एवं स्वागत एवं परिचर्चा, प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक प्रथम सत्र जिसमें राजकीय पदाधिकारियों से चर्चा, 12बजे से 2 बजे तक प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा से निजी विद्यालय से संबंधित समस्या पर खुली चर्चा की जायेगी। कार्यक्रम की सफलता क लिए सभी पदाधिकारियो व कार्यकारिणी सदस्यो को अलग अलग जिम्मेदारी सौपी ।

## अवैध शराब बेचते 5 आरोपी पकड़े

**धौलपुर** । धौलपुर शहर की सदर थाना पुलिस ने डीएसटी टीम के साथ कार्रवाई करते हुए अवैध शराब में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से पुलिस ने 7 लीटर हथकड शराब, 256 देसी पव्वे सहित 3080 रुपये जब्त किए हैं।

थाना प्रभारी रामनरेश मीणा ने बताया कि क्षेत्र में अलग अलग 5 जगह कार्रवाई को अंजाम दिया गया है।

जहां से चरन सिंह पुत्र गिरन्द निवासी आदर्श नगर पचगांव सदर धौलपुर, सोनू परमार उर्फ पठान पुत्र अचलसिंह निवासी ओंडेला रोड जिरोली निहालगंज धौलपुर, दिनेश कुमार पुत्र हाकिम सिंह बघेल निवासी अल्हेपुरा सदर धौलपुर, दिलीप पुत्र रामदास जाटव निवासी भगवंतगढ सदर धौलपुर और मोहनप्रकाश पुत्र नाथुराम कुशवाह निवासी सामन्ततपुरा थाना सैंया आगरा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है।

# छात्र-छात्राओं के लिए चलाया शहर दर्शन कार्यक्रम

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा सामाजिक अनुभूति के प्रथम चरण में जिले के विभिन्न गांवों के विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को शहर दर्शन का कार्यक्रम चलाया गया।

परिषद के सवाई माधोपुर विभाग संयोजक सीताराम गुर्जर ने बताया कि प्रत्येक वर्ष सामाजिक अनुभूति का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष राजस्थान के जयपुर प्रांत में सामाजिक अनुभूति दो चरण में होना तय हुई है। प्रथम चरण में गांव से शहर और दूसरे चरण में शहर के छात्र गांव में जाएंगे।

सवाई माधोपुर विभाग संयोजक सीताराम गुर्जर ने बताया कि हमारा भारत देश गांवों में बसता है। इसलिए शहर के छात्र को गांव का दर्शन करा उसकी जानकारी बढे कि किस प्रकार से हम लोग दैनिक उपयोग की चीजें उपयोग करते हैं। वो फल-सब्जी किसान द्वारा कितनी मेहनत से उत्पाद की जाती हैं। वहीं गांव से शहर जाने वाला छात्र भी देख पाए शहर में कितने राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान हैं। पूरे देश भर के अलग अलग कोने के छात्र अलग अलग जाति समुदाय के छात्र एक साथ भोजन करे तो विविधता में एकता का भाव गांव के छात्रों में आए।

देश में जातिवाद समाप्त हो, क्षेत्रवाद समाप्त हो, इस भाव को लेकर विद्यार्थी परिषद प्रत्येक वर्ष सामाजिक अनुभूति चलती है। जिला संयोजक मनोज सैनी ने बताया कि जिले के 53 छात्रों ने अपना सामाजिक अनुभूति कार्यक्रम में पंजीयन करवाया, वही 47 छात्रों ने इस शहर दर्शन कार्यक्रम में जयपुर के राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान, राजस्थान विधानसभा, सिटी पैलेस, अल्बर्ट हॉल का भ्रमण किया।

# रास्ते से अतिक्रमण हटवाने के लिए ग्रामीणों ने एस.डी.एम. को ज्ञापन सौंपा

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। ग्राम पंचायत उदेई कलां के ग्रामीणों ने अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर एसडीएम अनूपसिंह को ज्ञापन सौंपा है। शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय पहुंकर ग्रामीणों ने अतिक्रमण को हटाकर बेदखल करने और आवागमन के लिए रास्ते को सुचारु करवाने की मांग की है।

ग्रामीण मकसूद, हाशिम, मो. असजद, जाकिर, असरार, मकबूल अहमद आदि ने बताया कि ग्राम पंचायत उदेई कलां में भूमि खसरा नंबर 4853 गैर मुमकिन रास्ता है और वर्षो से इस रास्ते से लोग आवागमन करते आ रहे है। इसके पास के खसरे में मस्जिद बनी हुई, जिसमें मुस्लिम समाज के लोग धार्मिक आराधना के लिए आते है और इसी रास्ते का उपयोग करते है, लेकिन उक्त गैर मुमकिन रास्ते में शब्बीर पुत्र रहीम खान द्वारा ग्रामीणों के विरोध के बावजूद अवैध तरीके से कुआं खोदकर व तारबंदी कर काश्त कर ली गई है। ग्रामीणों ने रास्ते पर कब्जा नहीं करने और सुचारु करने के लिए कहा तो उसने ऐसा करने से इनकार कर दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शब्बीर व उसका परिवार आपराधिक, झगडालू व भू माफिया किस्म का व्यक्ति है और शब्बीर को कानून का कोई भय नहीं है। रास्ते पर अतिक्रमण कर कब्जा करने से आवागमन बाधित हो गया है, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने एसडीएम से समस्या को गंभीरता से लेकर गैर मुमकिन रास्ते पर अतिक्रमण कर किए गए कब्जे को अतिक्रमी से मुक्त कराकर उसके खिलाफ कार्रवाई करने और रास्ते को सुचारु करने की मांग की है।



ग्राम पंचायत उदेई कलां के ग्रामीणों ने अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर एस.डी.एम. अनूपसिंह को ज्ञापन सौंपा है।

## बस स्टैण्ड पर सात सीलिंग फैन लगाये

**भरतपुर ( निस )।** लायंस क्लब (मेन) भरतपुर द्वारा हीरादास रोडवेज बस स्टैण्ड पर यात्रियों को भीषण गर्मी से राहत देने के लिए सात सीलिंग फैन लगवाए। क्लब प्रेसीडेंट लायन विनोद कुमार मंगल ने वताया कि रोडवेज प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए सीलिंग फैन लगवाने का आग्रह किया था। क्योंकि बस स्टैण्ड पर केवल एक सीलिंग फैन चालू अवस्था में था। इस पर क्लब सदस्यों के सहयोग से क्लब द्वारा सात सीलिंग फैन खरीदकर यात्रीगण की सुविधा के लिए स्टैण्ड पर लगवाए गए।

इस प्रोजेक्ट में लायन विनोद कुमार मंगल, संतोष खंडेलवाल, जितेन्द्र अग्रवाल, रजत आर्य, खेमचंद अग्रवाल एवं महेन्द्र गोठी का आर्थिक सहयोग रहा। इन सभी को दुपट्टा पहनाकर रोडवेज प्रशासन ने अभिनन्दन किया। प्रेसीडेंट विनोद मंगल ने अपने उदबोधन में बताया कि इसी कैम्पस में यात्रीगण को शुद्ध व ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने हेतु क्लब द्वारा एक जल मंदिर का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। जून के प्रथम सप्ताह में इसका भी लोकार्पण कराया जाकर आम जनता की सुविधा के लिए प्रारम्भ कर दिया जावेगा।

# विवेकानन्द स्कूल के विद्यार्थियों ने विजय यात्रा निकाली

**भरतपुर ( निस )।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान के माध्यमिक परीक्षा 2024 के घोषित परीक्षा परिणाम में विवेकानन्द विद्यालय की छात्रा रिमझिम अग्रवाल ने 98.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर भरतपुर जिले का नाम पूरे राजस्थान में ऊँचा किया है। कुछ दिन पहले जारी 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में वाणिज्य वर्ग के छात्र मुदित अग्रवाल ने 96.20 प्रतिषत भरतपुर संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की तरफ से विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु विजय यात्रा का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने लक्ष्मण मन्दिर स्थित विजय हनुमान मन्दिर में पूजा अर्चना कर उज्जवल भविश्य की कामना की तथा विजय यात्रा का षुभारम्भ किया। यात्रा विद्यालय से चलकर लक्ष्मण मन्दिर, गंगा मन्दिर, बिहारी जी मन्दिर में दर्षन व पूजा कर चौबुर्जा बाजार बुद्ध की हाट होते हुए मण्डी अटलबन्ध होते हुऐ विद्यालय पहुंची। विद्यार्थियों का अनुराग एन्टरप्राईजेज द्वारा विजय हनुमान मन्दिर पर, श्याम ज्वैलर्स एवं सोना फैषन पॉइंट द्वारा लक्ष्मण मन्दिर पर, जय अम्बे कम्प्यूटर द्वारा गंगा मन्दिर पर एवं अग्रवाल पेन्ट द्वारा गंगा मन्दिर पर बधाई यात्रा का षीतल पेय तथा मिश्ठान आदि से स्वागत किया।

इसके बाद आर्य समाज रोड पर ध्रुव षर्मा के परिवार द्वारा मिठाई तथा शीतल पेय से स्वागत किया गया। इसके अलावा विजय यात्रा मार्ग पर जगह-जगह विद्यार्थियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष अनन्तराम आर्य के द्वारा सभी विद्यार्थियों तथा षिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविश्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष अनन्तराम आर्य एवं डायेरक्टर सत्यव्रत आर्य एवं डिप्टी डायरेक्टर ज्योति आर्य ने 12वीं कक्षा के षिक्षकों का फूल माला, साफा एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।



भरतपुर में विवेकानन्द स्कूल के विद्यार्थियों के अच्छे नम्बर आने पर विजय रथ यात्रा निकाली।

